श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़–249199
**Sri Dev Suman Uttarakhand University**
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199
Website-http://www.sdsuv.ac.in

**Ref. No.:** 1527 **/SDSUV/ADMIN/2024-25** **Dated :**24/06/2025

# कार्यालय–ज्ञाप (अंतिम स्मरण)

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अशासकीय महाविद्यालयों व स्ववित्त पोषित शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यो/निदेशकों सूचित किया जाता है कि, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन के निर्देशों के क्रम में समस्त छात्रों के परीक्षाफल व अंकतालिकाओं का विवरण दिनांक 10 जून 2025 तक अनिवार्य रुप से नैड/डिजीलॉकर पर अपलोड किया जाना है जिस हेतु समस्त छात्रों की एबीसी आईडी होनी आवश्यक है। छात्रों का एबीसी आईडी न होने के कारण या एबीसी व छात्रों के विवरण में विसंगित होने कारण छात्रों को शैक्षणिक डाटा नैड/डिजीलॉकर में अपलोड नहीं हो पा रहा है। नैड/डिजीलॉकर पर छात्रों के डाटा अपलोड न होने के कारण सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है तथा छात्रों की एबीसी आईडी न होने के कारण सम्बधित महाविद्यालयों/संस्थानों पर कड़ी कार्यवाही की करने के आदेश दिए गए हैं।

उक्त के सम्बन्ध विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्या **3651/SDSUV/SAMARTH/2024-25** दिनांक 13.12.2024 व **3678** व **3679/SDSUV/SAMARTH/2024-25** दिनांक 21.02.2025, व **1306/SDSUV/SAMARTH/2024-25** दिनांक 03.06.2025 माध्यम से भी 03 बार अवगत करवाया गया है किन्तु आतिथि तक भी महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा कतिपय छात्रों की एबीसी आईडी नहीं बनवाई गई है जोकि सम्बधित महाविद्यालयों/संस्थानों की विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षा के प्रति कार्यों में लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

अतः समस्त प्राचार्य/निदेशक उपरोक्तानुसार अंतिम बार निर्देशित किया जाता है कि समस्त छात्रों की एबीसी आईडी बनाये जाने या सत्यापन दिनांक 26 जून 2025 तक आवश्यक रुप से सुनिश्चित करें। जिन छात्र/छात्राओं की एबीसी आईडी नही बनी है उनका परीक्षा परिणाम घोषित नही किया जायेगा व छात्रों का डाटा नैड/डिजीलॉकर पर अपलोड नहीं किया जाएगा तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार सम्बधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बधित महाविद्यालय/संस्थान की होगी।

डॉ0 (बी0एल0आर्य)
नोडल, नैड

**प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. कुलसचिव।
4. स्टेट कॉर्डिनेटर, नैड/एबीसी, उत्तराखण्ड।
5. कार्यालय प्रति।

डॉ0 (बी0एल0आर्य)
नोडल, नैड

POCO
SHOT ON POCO F1
Scanned with OKEN Scanner